## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 15.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

---

स्किल इंडिया मिशन की आज 10वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में इस योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोज़गार, उद्यमिता और स्थायी आजीविका के लिए उद्योग–संबंधित कौशल प्रदान करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक, रोज़गारपरक कौशल के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, स्किल इंडिया खासकर महिलाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए जीवन में बदलाव ला रहा है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत चक्रधरपुर रेल मंडल का टाटानगर स्टेशन अब पूर्ण रूप डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है। चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी ने बताया कि टाटानगर स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में अब डिजिटल लेन देन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्किंग क्षेत्र में 23 से 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और इलेक्ट्रॉनिक बैरियर के साथ पर्ची काटी जाएगी।

*****************

राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ आज रांची में विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। प्रोजक्ट भवन में आयोजित इस बैठक में परिवहन विभाग के कार्यों की प्रगति पर गहन मंथन किया जा रहा है। इसके साथ ही राजस्व वसूली के लक्ष्य को हासिल करने पर भी चर्चा हो रही है।

*****************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और झामुमो सांसद विजय हांसदा आज पूर्णिया जायेंगे। पिछले दिनों पूर्णिया में अंधविश्वास में आदिवासी परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। शिक्षा मंत्री और सांसद पूर्णिया में इस घटना की तहकीकात करेंगे और मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

*****************

रांची स्थित मारवाड़ी कॉलेज में आज 5वां ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार ने सेरेमनी का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। राजपाल ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उपाधियां केवल शैक्षणिक उपलब्धियां नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का प्रमाण हैं तथा जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत भी है।

*****************

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद –जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर लवलेश गंझु ने आज लातेहार में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। लवलेश पर सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित है। वह बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू गांव का रहने वाला है।

*****************

हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज बंदोबस्त पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने बंदोबस्त कार्यालय पहुंचकर कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों–कर्मचारियों से विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर उन्होंने बंदोबस्त से संबंधित अभिलेखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

*****************

बोकारो जिले में लगातार हो रही बारिश का असर खेती–किसानी पर भी पड़ा है। धान के बीज खराब होने लगे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले के सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने आज सरायकेला सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल के आउटडोर, इंडोर, इमरजेंसी, पूछताछ केंद्र, पंजीकरण केंद्र, डायलिसिस सेंटर, ब्लड बैंक और आईसीयू का जायजा लिया। इस दौरान सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर में जलजमाव और गंदगी को लेकर गहरी नाराजगी जताई।

**************